Seventeenth Loksabha

pan>

Title: Need to develop road from Nemka thana to Kotputli as four lane and declare it as National Highway.

श्री सुमेधानन्द सरस्वती (सीकर): अध्यक्ष जी, सीकर से नीमकाथाना होते हुए कोटपुतली राजमार्ग है जो एनएच52 और एनएच-8 को जोड़ता है । इस राजमार्ग पर बीकानेर, जोधपुर, नागौर और सीकर के यात्री आते हैं । लेकिन पिछले लम्बे समय से नीमकाथाना से कोटपुतली के बीच यह सड़क बहुत क्षतिग्रस्त हो चुकी है । कोटपुतली और नीमकाथाना के बीच में खनिज क्षेत्र है । जहां दिल्ली से लेकर विभिन्न क्षेत्रों में खनिज जाता है और लाइम स्टोन भी वहीं पैदा होता है । वहां बड़ी-बड़ी सीमेंट फैक्ट्रीज हैं । मैंने माननीय सड़क परिवहन मंत्री जी से निवेदन किया था कि इस सड़क को फोर-लेन किया जाए और इसके साथ-साथ इस सड़क को राजमार्ग से नेशनल हाईवे किया जाए । मैं आशा करूंगा कि आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी तक यह जनहित का विषय पहुंचेगा ।